any Indian Company to mine coal and lignite not only for captive consumption but also for sale. Introduction of Bill to amend Mines & Minerals (Regulation and Development) Act, 1957 in order to frame Rules for setting up of an Independent Body to step up exploration of coal and lignite resources and to allocate block on the basis of a competitive bidding process is also contemplated.

The Government has already deregulated the prices of coking coal and A, B, C and D grades of non-coking coal. Coal India Ltd. (CIL) and Singareni Collieries Co. Ltd. (SCCL) have also been allowed to revise the prices of E, have also been allowed to revise the prices of E, F and G grades of non-coking coal till 1st January, 2000, once every six months by updating the cost indices as per escalation formula contained in 1987 report of the BICP. CIL and SCCL have also been allowed to fix the prices of E, F and G grades of non-coking coal in relation to the market forces after 1st January, 2000.

कोयला उत्पादन क्षेत्र में निजीकरण

476. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोयला उत्पादन के क्षेत्र में निजीकरण के लिये किन-किन क्षेत्रों को चुना गया है;

(ख) वर्ष 1996-97 में इस प्रयोजन के लिए अंतिम रूप से चयन किये गए कोयला क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इसके लिए जिन निजी क्षेत्रों का चयन किया गया, उनके नाम एवं अनुबंधित उत्पादन की मात्रा कितनी है; और

(घ) इन निजी कंपनियों द्वारा कोयला उत्पादन हेतु अनुबंधित शर्तों का ब्यौरा क्या है?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह): (क) और (ख) जून, 1993 में इस्पात उत्पाद, विद्युत उत्पाद तथा अन्य उत्पादों से जुडी कंपनियों को ग्रहीत उपयोग हेतु कोयले का उत्खनन करने के लिए अनुमति प्रदान किए जाने के लिए कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1973 में संशोधन किया गया। तदन्तर सीमेंट उत्पादन को दिनांक 15.3.1996 को अन्य उपयोग के रूप में अधिसूचित किया गया है।

(ग) इस संबंध में प्राइवेट पार्टियों के नाम तथा उनके लिए विनिर्दिष्ट संबद्ध ब्लॉक के साथ-साथ इन ब्लाकों में कोयले के वे भू-गर्भीय भंडार, जिन्हें बिजली, लौह एवं इस्पात के उत्पादन से जुडी पार्टियां उत्खनित कर सकेंगी, का ब्यौरा विवरण में दर्शाया गया है (नीचे देखिए) जबकि ब्लाकों को विनिर्दिष्ट करने के लिए अन्य उत्पादों से जुड़ी कंपनियों द्वारा कोयले की लगभग 30 वर्ष की अपेक्षाओं पर विचार किया गया है।

(घ) ग्रहीत कोयला खनन के विकास हेतु निजी क्षेत्र की पार्टियों के लिए कोयले के ब्लाकों को निम्नलिखित शर्तों तथा मार्गनिर्देशों के अंतर्गत विनिर्दिष्ट किया गया है:—

(i) उन हरित क्षेत्रों में, जहां अद्यसंरचनात्मक ढांचे संबंधी सुविधाएं, जैसे कि सड़क, रेल संयोजन आदि को अभी विकसित किया जाना है, में अधिमान ब्लाक।

(ii) निजी क्षेत्र हेतु विनिर्दिष्ट ब्लॉकों को विद्यमान खानों तथा को०इं०लि०/सिं०को०कं०लि० की परियोजनाएं से उपयुक्त दूरी पर होना चाहिए।

(iii) उन ब्लाकों को, जिन्हें को०इं०लि० द्वारा विकास किए जाने के लिए पहले ही विनिर्दिष्ट कर दिया गया है तथा जहां पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है अथवा उपलब्ध किए जाने की संभावना है, उन्हें निजी क्षेत्र के लिए विनिर्दिष्ट न किए जाएं।

(iv) इन विनिर्दिष्ट ब्लॉकों में अन्वेषण किए जाने की पूर्ण लागत निजी क्षेत्रों द्वारा वहन की जाए।

(v) अंतिम उपयोगकर्ता की लगभग 30 वर्षों के लिए कोयले की अपेक्षाओं पर विचार किया गया है।

पार्टियों को खान तथा खनिज (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 1957 तथा खनिज रियायत नियम, 1960 में निर्दिष्ट प्रावधानों का अनुपालन करना है तथा

कोयला खनन संबंधी क्रियाकलापों को शुरू किए जाने से पूर्व उन्हें राज्य से खनन पट्टा प्राप्त करना है।

विवरण

विनिर्दिष्ट खनन ब्लाकों का ब्यौरा तथा संबद्ध प्राइवेट पार्टियों के नाम निर्दिष्ट हैं।

क्र० सं०	नाम	अंतिम उपयोग	कोलफील्ड्स जिसमें ब्लाक विनिर्दिष्ट/ निर्दिष्ट किए गए अथवा स्थित हैं	खनन ब्लाक/ उप-ब्लाकों का संयोजन	भू-गर्भीय भंडार (मि०ट०)
1.	आर०पी०जी० इंडस्ट्रीज/ सी०ई०एस०सी० लि०	विद्युत उत्पादन	रानीगंज	सरिसाटोली साउथ धादु महान	147.52
2.	मेसर्स कलिंगा पावर कारपोरेशन	-तदेव-	तलचर	उत्कल-ए	304.00
3.	मेसर्स निप्पोन हेनरो इस्पात लि०	-तदेव-	वर्धा/बंडेर	बारंज I—IV	64.31
				बंहेर	110.00
				लोहारा वेस्ट	120.50
4.	मेसर्स इंडियन अल्युमिनियम कंपनी लि०	-तदेव-	ईब घाटी	तालाबीरा-I	17.00
5.	मेसर्स डेवलपमेंट कंसलटेंट्स लि०	-तदेव-	राजमहल	चूपरबीटा	1200.92
6.	मेर्सस एसोसिएटिड सीमेंट कंपनी लि०	-तदेव-	वर्धा	लोहारा ईस्ट	57.21
7.	मेसर्स एच०ओ०के०आई०	-तदेव-	तलचर	उत्कल-बी 2	106.00
8.	मेसर्स समलई पावर प्राइवेट लि०	-तदेव-	ईब घाटी	तालाबीरा-II	154.00
9.	मेसर्स मोनेट इस्पात	स्पोंज आयरन	मांड रायगढ़	गारे पालमा सब-ब्लाकIV/5	100.80
10.	मेसर्स प्रकाश इंडस्ट्रीज	-तदेव-	एस०ई०सी०एल० क्षेत्र	हसदेव अरांड	
11.	मेसर्स बी०एल०ए० इंडस्ट्रीज	विद्युत उत्पादन	मोडापानी	गोइटीटोरिया ईस्ट	5.15
				गोइटीटोरिया वेस्ट	8.53
12.	मेसर्स विडीयोकोन पावर लि०	विद्युत उत्पादन	तलचर	उत्कल-बी1	228.00
13.	मेसर्स जिंदल स्ट्रीप्स लि०	स्पोंज आयरन	मंड रायगढ़	गारे पालमा सब-ब्लाक IV/5	99.20
14.	मेसर्स बिरला टेक्नीकल सर्विसज़	पिग आयरन	सी०सी०एल० क्षेत्र	पाकरीबुर्वाडीह	1400.00